# मॉडल - (01)

**विषय - व्यवसाय अध्ययन, कक्षा– 10वी**

**विषय कोड–215**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश–**

1. **सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**
2. **प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) सत्य/असत्य प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक आबंटित है।**
3. **प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।**
4. **प्रश्न कमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।**
5. **प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्नप है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। व विकल्प है।**
6. **प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है व विकल्प है।**
7. **प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है व विकल्प है।**

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) निम्न में से कौन सा आजीविका का माध्यम है।

(अ) व्यवसाय (ब) पेशा (स) नौकरी (द) प्रातः सैर पर जाना

(ii) निम्न में से कौन सा वाणिज्यिक बैंक नहीं है :–

(अ) भारतीय स्टेट बैंक (ब) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया

(स) आई.सी.आई.सी.आई बैंक (द) पंजाब नेशनल बैंक

(iii) उस व्यापार को क्या कहते हैं जिसमें व्यापारी को अधिक मात्रा में माल का विक्रय किया जाता है –

(अ) विदेशी व्यापार (ब) थोक व्यापार (स) अन्तर्देशीय व्यापार

(द) फूटकर व्यापार

(iv) निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता विज्ञापन की नहीं है –

(अ) संदेश का वैयक्तिक प्रस्तुतीकरण

(ब) संचार का भुगतान किया हुआ स्वरूप

(स) प्रायोजक सदैव जाना पहचाना होता हे।

(द) किसी माध्यम के द्वारा संपर्क स्थापित

(v) एकल स्वामित्व की सीमाओं में सम्मिलित नहीं है –

(अ) सीमित पूंजी (ब) निरंतरता का अभाव

(स) असीमित आकार (द) प्रबंधकीय निपुणता का अभाव

(vi) पहाड़ी इलाकों में और पहाड़ों पर उपयुक्त परिवहन साधन क्या है –

(अ) रेल परिवहन (ब) सड़क परिवहन

(स) वायु परिवहन (द) जल परिवहन

(vii) एक उद्यमी का गुण –

(अ) पहल (ब) अनुभव की कमी

(स) आत्मविश्वास की कमी (द) निर्णयन क्षमता की कमी

(viii) वैयक्तिक विक्रय का मुख्य तत्व है –

(अ) सस्ता उत्पाद (ब) परस्पर वार्तालाप

(स) विक्रेता का अच्छा व्यवहार (द) विक्रयकर्ता की शारीरिक दक्षता

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(i) वाणिज्य मुख्य रूप से ....................से संबंधित है।

(ii) संयुक्त हिन्दु अविभाजित परिवार के सदस्यों को...................... कहते हैं।

(iii) भारतीय खाद्य निगम ..........................भण्डारगृह का उदाहरण है।

(iv) डाकघर व्यापारिक संगठनों को.............पोस्ट के जरिए मेलिंग सुविधा देता है।

(v) विक्रय एवं ....................दोनों का प्रयोग साथ–साथ होता है।

## खण्ड (स)

**सत्य/असत्य बताइय –**

(i) जल परिवहन, परिवहन का अत्यधिक तीव्र साधन है।

(ii) भण्डारगृहों का मूल काम है वस्तुओं का भण्डारण।

(iii) संप्रेषण की प्रक्रिया में संदेश का होना हमेंशा जरूरी नहीं है।

(iv) समुद्र में जोखिमों से रक्षा के लिए जहाज का बीमा कराया जा सकता है।

(v) थोक विक्रेता सीधे फूटकर विक्रेता से वस्तुओं का क्रय कर ग्राहकों को बेचते हैं।

(vi) विभिन्न विभागों के माध्यम से विभागीय भण्डार के मालिक और ग्राहकों में सीधा संपर्क होता है।

(vii) विज्ञापन के माध्यम से प्रायोजक ग्राहकों से सीधा संपर्क करता है।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

प्रश्न 2 आर्थिक क्रियाओं के दो उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 3. व्यवसाय शब्द को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 4 एकल स्वामित्व वाले व्यवसाय संगठन से क्या अभिप्राय ळै।

प्रश्न 5 बहुराष्ट्रीय कंपनी का अर्थ बताइये।

प्रश्न 6 परिवहन से क्या आशय है ?

प्रश्न 7 व्यावसायिक संप्रेषण का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 8 डाक सेवाओं में पिन क्या उद्‌देश्य पूरे करता है।

प्रश्न 9 किसी उत्पाद के विक्रय में कौन–कौन सी क्रियाएं सम्मिलित है ?

प्रश्न 10 वितरण माध्यमों से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 11 इंटरनेट फुटकर व्यापार से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 12 किस विज्ञापन माध्यम का दृश्य श्रव्य प्रभाव अधिक पड़ता है ?

प्रश्न 13 स्वरोजगार का क्या अर्थ है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।

प्रश्न 14 जहाजी बीमा किसे कहते हैं ?

प्रश्न 15 थोक विक्रेता के किन्हीं तीन कार्यों को लिखिए ।

प्रश्न 16 उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा पारित किन्हीं तीन अधिनियमों के नाम बताइये।

प्रश्न 17 उपभोक्ता संरक्षण का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 18 लिपिक के कार्य की आवश्यक निपुणताओं को लिखिए।

प्रश्न 19 एक सफल उद्यमी की किन्हीं तीन विशेषताओं को लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं।

प्रश्न 20 व्यवसाय के किन्हीं चार आर्थिक उद्देश्यों को समझाइये।

अथवा

वायु प्रदूषण के किन्हीं चार प्रभावों को समझाइये।

प्रश्न 21 संयुक्त हिन्दु परिवार व्यवसाय की चार विशेषताएं लिखिए।

अथवा

साझेदारी संगठन की चार विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 22 जल परिवहन के चार लाभ समझाइये।

अथवा

निजी और सार्वजनिक भण्डारगृह में चार अंतर लिखिए।

प्रश्न 23 व्यवसाय में संप्रेषण का कोई चार महत्व समझाइये।

अथवा

अंर्तदेशीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मेल में चार अंतर लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24 एक वाणिज्यिक बैंक के द्वितीयक कार्यों को समझाइये।

अथवा

बीमा का महत्व समझाइये।

प्रश्न 25 विभागीय भण्डार की पांच विशेषताएं लिखिए।

अथवा

विभागीय भण्डार और श्रृंखलाबद्ध दुकानों में पांच अंतर लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26 वैयक्तिक विक्रय क्या है ? इसके चार आवश्यक तत्वों को समझाइये।

अथवा

विज्ञापन के माध्यमों का क्या अर्थ है ? विज्ञापन के किन्हीं चार इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों को समझाइये।

प्रश्न 27 उपभोक्ता के किन्हीं छह अधिकारों को समझाइये।

अथवा

उपभोक्ता को दिन–प्रतिदिन आनेवाली विभिन्न समस्याओं को समझाइये।